दैनिक
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 277 | इंदौर, सोमवार 17 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

Headline

- Azam Khan: सपा नेता आजम खां की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली के इस अस्पताल में हुए भर्ती
- Atiq Ashraf: अतीक का ISI से कनेक्शन! माफिया ने बार-बार लिया गुड्डू मुस्लिम का नाम, अशरफ भी कहना चाहता था कुछ
- WPI Inflation: थोक महंगाई दर में आई गिरावट, मार्च में फरवरी के 3.85% के मुकाबले घटकर 1.34% पर पहुंची
- Delhi Assembly Session: 'आप' का आरोप, CM को गिरफ्तार करा दिल्ली सरकार को अस्थिर करने के प्रयास में केंद्र
- Chrisann Pereira: बॉलीवुड अभिनेत्री क्रिसन परेरा को अरब पुलिस ने किया जेल में बंद, ड्रग्स मामले को लेकर हुई है
- Supreme Court: समलैंगिकों के विवाह के खिलाफ सरकार का तर्क- शहरी अभिजात वर्ग की सोच पूरे समाज पर नहीं थोप सकते
- Supreme Court: टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी से ईडी-सीबीआई की पूछताछ पर रोक, सुप्रीम कोर्ट ने लगाया स्टे

खंडवा में बवाल

छात्रा को पीटा, युवकों का अपहरण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा । खंडवा में रविवार देर रात मोघट थाने पर पथराव हो गया। मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग समाज की एक छात्रा को लेकर थाने पहुंचे थे। छात्रा ने रविवार दोपहर समाज के ही कुछ लोगों पर मारपीट का केस कराया था। जिसके बाद लोग पार्षद के साथ उसे दोबारा थाने लेकर पहुंचे थे और दूसरे पक्ष के दो युवकों पर केस दर्ज करने का दबाव डाल रहे थे। इसी बीच पार्षद समर्थकों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ा।

विवाद की शुरुआत रविवार दोपहर हुई थी। शहर के आनंदनगर स्थित एक रेस्टारेंट में नाबालिग छात्रा को दो युवकों के साथ बैठे देख कुछ लोगों ने हंगामा कर दिया। युवकों का आरोप है कि 8-10 लोगों ने आकर मारपीट की। इसके बाद अपहरण कर खानशाहवली इलाके में ले गए। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को छुड़ाकर उनकी जान बचाई। मोघट पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अपहरण और मारपीट की दो FIR दर्ज की हैं।

देर रात मुस्लिम समाज के लोग इसी केस में नाबालिग को लेकर युवकों पर छेड़खानी का केस दर्ज कराने के लिए पहुंचे थे। इधर, इसी बीच समाज के कुछ राह चलते लोगों पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। ये घटना गांधीनगर गेट पर हुई। झूमाझटकी में 3 लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने हालात पर काबू पाते हुए शहर में धारा 144 लगा दी है।

छात्रा टीचर और परिचित के साथ थी, लेकिन आरोपी नहीं माने

पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर ढाई से तीन बजे के बीच आनंदनगर स्थित एक कैफे में 10वीं की छात्रा माता चौक में रहने वाले अपने टीचर सत्यम कुमार वर्मा और परिचित अतुल यादव के साथ रेस्टोरेंट में एक टेबल पर बैठकर जूस पी रही थी। पीड़ित युवक ने बताया कि छात्रा को देख मुस्लिम समाज के कुछ लोग मुंह पर कपड़ा बांध वहां पहुंचे। उन्होंने छात्रा का नाम और पता पूछा और हड़काने लगे। छात्रा हड़बड़ाहट में नाम-पता बताने में डर गई। छात्रा से पूछा कि यहां क्यों बैठी हो, तो उसने कहा कि ये हमारा आपसी मामला है। उसने बताया कि इनमें से एक हमारे टीचर हैं, दूसरे परिचित हैं, लेकिन वे लोग नहीं माने और बुरी तरह मारपीट करने लगे।

मारपीट के शिकार हुए टीचर सत्यम ने उन्हें बताया भी कि छात्रा उनकी स्टूडेंट है। उसका बर्थडे आने वाला है और वह पढ़ाई के लिए कुछ दिन बाद मुंबई जाने वाली है, इसलिए रेस्टोरेंट में पिज्जा और जूस पीने आए हैं, आप लोग गलत समझ रहे हो। लेकिन आरोपियों ने उनकी बात नहीं मानी। पीड़ित शिक्षक और युवक ने बताया कि आरोपियों ने रेस्टोरेंट में छात्रा के अलावा हम दोनों के साथ बुरी तरह मारपीट शुरू कर दी। आरोपी पीटते-पीटते हमें रेस्टोरेंट से रोड तक लेकर पहुंचे। फिर हमारा अपहरण कर लिया। CCTV फुटेज में आरोपी मुंह पर कपड़ा बांध मारपीट करते नजर आ रहे हैं।

FIR हुई तो पार्षद छेड़खानी की झूठी रिपोर्ट लिखवाने आया, थाने पर पथराव किया

थाना परिसर में पथराव, पार्षद हिरासत में, लोगों को खदेड़ा

घटना के बाद पार्षद अशफाक सिगड़ रात में फिर कुछ लोगों के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस से कहा कि छात्रा पर दबाव बनाकर FIR करवाई गई है। दोबारा रिपोर्ट लिखो। पुलिस ने समझाइश देने की कोशिश की। इसी दौरान इमलीपुरा की ओर से आए पार्षद समर्थकों ने पथराव कर दिया। थाना परिसर में भी पत्थर फेंके। SP सत्येंद्र कुमार शुक्ल भी थाने पहुंचे। पुलिस ने पार्षद को हिरासत में लिया और भीड़ को लाठियों से खदेड़ा। इसी बीच गांधीनगर में मामूली पथराव हो गया। पुलिस फोर्स दल-बल के साथ गांधीनगर पहुंचा। हालात काबू में किया। क्षेत्र में धारा 144 लागू होने की सूचना लोगों को दी है।

आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज, दो आरोपी गिरफ्तार

मोघट टीआई बृजभूषण हिरवे ने बताया- मारपीट के मामले में अजहर पिता हजरत अली निवासी खानशाहवली, मोहसिन निवासी छीपा कॉलोनी, शादाब निवासी गुलमोहर कॉलोनी और मो. इरफान निवासी दुबे कॉलोनी के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज हुई हैं। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है। सत्यम और अतुल ने इन्हीं आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट और जान से मरने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज करवाया है। आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है।

हिरासत में पार्षद, पुराना रिकॉर्ड देख पुलिस करेगी कार्रवाई

SP सत्येंद्र कुमार शुक्ल का कहना है, कुछ लोग शाम को थाने आए और छात्रा की ओर से दोबारा केस दर्ज करवाने की मांग करने लगे। जबकि, पीड़िता अपने बयान पहले से ही दर्ज करवा चुकी थी। वे दूसरी बार झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाने का दबाव बना रहे थे। इसी दौरान हंगामा करने लगे। पार्षद सिगड़ को हिरासत में लिया तो उनके समर्थकों ने बाहर पथराव किया, जिन्हें खदेड़ा गया। स्थिति कंट्रोल में है। हालात को देखते हुए शहर में धारा 144 लगाई गई है। पुराना रिकॉर्ड देखकर सिगड़ पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विश्व की सबसे बड़ी समस्या कार्बन उत्सर्जन

कार्बन कैप्चर एंड स्टोरेज विषय पर सेमिनार आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), इन्दौर लोकल सेंटर द्वारा मेडीकेप्स विश्वविद्यालय के सहयोग से दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। विषय था कार्बन कैप्चर एंड स्टोरेज। सेमीनार का शुभारंभ, मुख्य अतिथि डॉ. डी के वाघेला, कन्सल्टेंट, विशेष अतिथि डॉ. डी. के. पटनायक, उप कुलपति, मेडीकेप्स विश्वविद्यालय, डॉ. डी. के. पांडा, प्रोवाईस चांसलर, इंजी. आर. पी. गौतम, इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), इंदौर लोकल सेंटर के अध्यक्ष, एवं डॉ. शिल्पा त्रिपाठी, अध्यक्ष, केमिकल इंजीनियरिंग डीविजन ने किया ।

कार्यक्रम की शुरूवात इंजी. आर. के .गौतम के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुई। जिन्होंने ऊर्जा दक्षता के विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया, साथ ही उर्जा संरक्षण के उपाय भी बताऐ कि नवीकरणीय ऊर्जा, उर्जा दक्षता एवं उर्जा संरक्षण द्वारा हम कार्बन उत्सजन में कैसे कमी ला सकते है। डॉ. डी. के .वाघेला द्वारा इन्दौर द्वारा किये गये कार्यो पर अपने विचार साझा किये। सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. डी. बुध्दि, उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, देहरादुन थें, जिन्होंने कार्बन उत्सर्जन के विभिन्न स्त्रोतों और दुनिया भर में इनके प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। विश्व के विभिन्न देशों द्वारा अपनाए जा रहे विनियमन के बारे में भी बताया। उन्होंने कार्बान कैप्चर प्रक्रिया के बारे में भी बताया एवं साथ ही यह भी बताया कि यह हमारे पर्यावरण को कैसे लाभ पहुचाता है। मेडीकेप्स विश्वविद्यालय के उप कुलपति, डॉ. डी. के. पटनायक ने बताया कि कार्बन उत्सर्जन विश्व की सबसे बड़ी समस्या है और इस समस्या को हल करने के लिए उसे मिशन मोड में डालना चाहिये। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), इन्दौर लोकल सेंटर के इंजी. रमेश चौहन भी मौजूद थे। कार्यक्रम का सयोजन डॉ. चयन गुप्ता द्वारा किया गया।

17 डॉक्टर्स और समाजसेवी चिकित्सा सेवा अवार्ड से हुए सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में 40 वर्षो से सक्रिय संस्था सत्कार कला केंद्र ने जाल सभागृह में आयोजित एक गरिमामय समारोह में 17 डॉक्टरों और समाज सेवियों को राष्टीय चिकित्सा सेवा अवार्ड से सम्मानित किया।ये अवार्ड मेडिकल एथिक्स के प्रबल समर्थक पदम भूषण डॉ. एस के मुखर्जी की स्मृति में प्रतिवर्ष ऐसी हस्तियों को दिए जाते है जो चिकित्सा को पहले अपना सेवा और धर्म मानते है।

यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल और महासचिव कैलाश मुंशी ने दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ के न्यायमूर्ति अनिल वर्मा थे। अध्यक्षता एम जी एम मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन डॉ. डी के तनेजा ने की। विशेष अतिथि थे वरिष्ठ समाज सेवी सुमित सुरी। अपने मुख्य संबोधन में न्यायमूर्ति अनिल वर्मा ने कहा कि चिकित्सकीय कार्य एक पुनीत सेवा है जिसमे डॉ. मेडिसिन के साथ अपने अच्छे व्यहवार से भी मरीज को अच्छा करता है।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. तनेजा ने कहा कि ईमानदारी,डिसिप्लिन और समर्पण का सम्मुचय होता है डॉक्टर।डॉक्टर की वजह से मेडिकल चिकित्सा में बड़ी क्रांति आई है । अपने विशिष्ठ संबोधन में सुमित सुरी ने कहा कि परमात्मा का दूसरा स्वरूप डॉक्टर होता है, जो हर स्थिति में मरीज के प्राण बचाने के लिए तत्पर रहता है। संस्था की विस्तार से जानकारी देते हुए अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल ने बताया कि वर्षो से संस्था राष्टीय चिकित्सा सेवा अवार्ड दे रही है। अभी तक 250 से अधिक चिकित्सकों को राष्टीय चिकित्सा सेवा अवार्ड प्रदान किया जा चुका है जिसमे देश विदेश के डॉक्टर्स भी शामिल है।

सम्मानित होने वाले डॉक्टरों के नाम

डॉ.अभय भागवत,डॉ. कविता बापट, डॉ. जे.एस. गणवीर, डॉ.अतुल तापडिया, डॉ.भारती स्वर्णकार, डॉ. एच.के नारंग, डॉ.संदीप जुल्का , डॉ. राजीव चौधरी, डॉ.अशोक खंडेलवाल, डॉ.राहुल मेवाडा, डॉ.एस एन गुप्ता, डॉ.एल एन व्यास , डॉ.पी के बनर्जी, डॉ. सी एस पंडित अनीश गर्ग। वरिष्ठ पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ. ए सी एस जैन को जीवन गौरव सम्मान से सम्मानित किया। समाज सेवा के क्षेत्र में श्रीमती हेमलता सिंह परमार को सम्मानित किया गया।

ब्राह्मण समाज की 40 कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास द्वारा मंगलवार 2 मई को सर्व ब्राह्मण सामूहिक विवाह समारोह का दिव्य आयोजन एयरपोर्ट रोड स्थित दलाल बाग पर किया जाएगा। इसमें सर्व ब्राह्मण समाज की 40 कन्याओं के विवाह का संकल्प किया गया है। समाज बंधुओं के सहयोग से नवयुगलों को सोने-चांदी के आभूषणों सहित गृहस्थी चलाने योग्य अनेकों उपहार भी भेंट किए जाएंगे। इस समारोह में करीब 15 हजार समाजबंधु शामिल होंगे।

न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा, सुरेश काका एवं राजकिशोर शर्मा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से लगातार सर्व ब्राह्मण परिणयोत्सव का दिव्य आयोजन किया जा रहा है। विधायक एवं आयोजन समिति के संरक्षक पं. रमेश मेंदोला के मार्गदर्शन में शनिवार रात को पंचकुइया स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर आयोजित बैठक में महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास महाराज, पं. योगेन्द्र महंत, पं. पवन शर्मा, पं. विकास अवस्थी, पं. अनूप शुक्ला, पं. सुभाष दुबे, पं. अटल शर्मा सहित करीब 40 संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लेकर शहर एवं समाज की परंपरा के अनुरूप इस महोत्सव को सार्थक एवं सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

पुलिसकर्मियों का होगा हेल्थ चेकअप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों का चेकअप किया गया। डीसीपी ने सभी को हेल्थ चेकअप की डायरी तैयार करने के निर्देश दिए है, ताकि रिकॉर्ड तैयार होने के साथ ही पता चल सके कि किसी को कोई गंभीर बीमारी तो नहीं है।

यातायात प्रबंधन पुलिस के बेहतर स्वास्थ्य के लिए शहर की सामाजिक संस्था ने चार दिवसीय स्वास्थ्य शिविर की शुरूआत रविवार से की। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में संस्था एक कदम मदद की ओर सेवा समिति व एनकिंग इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा इंदौर शहर के लगभग 650 पुलिस जवान अधिकारियों के लिए स्वास्थ शिविर लगाया गया। शिविर पूर्वी व पश्चिमी थाना क्षेत्र में सुबह 10 बजे से 4 बजे तक संचालित किए जाएंगे। जिसका समापन 20 अप्रैल को होगा।

आयोजन की शुरूआत डीसीपी, यातायात प्रबंधन मनीष कुमार अग्रवाल द्वारा एमटीएच कंपाउंड स्थित यातायात थाने पर दीप जलाकर की गई। इस दौरान उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप स्वास्थ की दृष्टि से सुरक्षित रहेंगे तभी आप दूसरों की सुरक्षा कर पाएंगे। यदि आप बीमार हैं तो आप स्वयं तो परेशान रहेंगे, साथ ही आपके अपने भी चिंतित रहेंगे इसलिए इस बात का विशेष ध्यान रखें कि मासिक अपना स्वास्थ्य चेकअप करवाएं यदि किसी भी तरह की बीमारी पाई जाती है तो उसे उसका इलाज बीमारी के बढ़ने से पहले ही करवा ले।

अपने स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए योगा, व्यायाम करें एवं खानपान में विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी कर्मचारियों के हेल्थ चेकअप की डायरी भी तैयार करने के निर्देश दिए ताकि मंथली स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारियां दर्ज की जा सके। डीसीपी, यातायात प्रबंधन सहित यातायात प्रबंधन के 110 अधिकारी/कर्मचारियों ने अपना चेकअप करवाया। कार्यक्रम का संचालन यातायात थाना प्रभारी दिलीप सिंह परिहार ने किया। इस अवसर पर एसीपी सुनील शर्मा, एसीपी बसंत कुमार कौल, एसीपी अरविंद तिवारी व यातायात प्रबंधन मित्र मौजूद रहे।

मिलेट मेला के लिए एफएसएसएआई के साथ साझेदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सही पोषण के माध्यम से देश के नागरिकों को स्वस्थ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूती देते हुए देश की प्रमुख एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष, 2023 मनाने के लिए अपने दुनिया भर में बिकने वाले नंबर एक विटामिन और आहार पूरक प्रमुख ब्रांड न्यूट्रीलाइट के माध्यम से ईट राइट मिलेट मेला के लिए एफएसएसएआई के साथ सहयोग किया।

स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती उत्पादों के शीर्ष निर्माताओं में से एक के रूप में, कंपनी ने एफएसएसएआई के साथ मिलकर मिलेट वॉकथॉन का आयोजन किया । 4 किमी का वॉकथॉन इंदौर में छप्पन दुकान इंदौर से आयोजित हुआ, जहां यह शुरू हुआ और समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश सोनकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री सेत्या , एडीएम अभय बेडेकर, एमवे इंडिया के , ब्रांड एंबेसडर और अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह सहितअजय खन्ना, सीएमओ, एमवे इंडिया, चंद्र भूषण चक्रवर्ती , वरिष्ठ उपाध्यक्ष - पूरब और पश्चिम, एमवे इंडिया, कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। एफएसएसएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमल वर्धन राव ने मिलेट वॉकथॉन और मेला इंदौर 2023 के लिए संदर्भ निर्धारित करते हुए कहा, हम दुनिया की सबसे प्राचीन फसल के वर्तमान और भविष्य की फसल के साथ कृषि पुनर्जागरण देख रहे हैं। एमवे इंडिया के महाप्रबंधक, अंशु बुधराजा ने इस सहयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा, ह्रदुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, स्वस्थ देश बनने की दिशा में देश के रूप में हमारी प्रगति अभी शुरू ही हुई है। भारत की आबादी वैश्विक आबादी का एक बड़ा हिस्सा है, इसलिए हमारा देश पोषण के बारे में विश्व भर के नजरिए को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एक दिवसीय रोजगार मेला 20 को

निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में 600 युवाओं को दिलवायी जायेगी नौकरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोडने के लिए निरंतर रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में 20 अप्रैल को जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में 600 से अधिक युवाओं को नौकरी दिलवायी जाएगी।

उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेला 20 अप्रैल 2023 (गुरूवार) को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास) पोलोग्राउन्ड इन्दौर में आयोजित होगा। उक्त रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- रूपरंग स्टोर्स, मेनपॉवर सर्विसेज बी एबल, चेकमेट सर्विसेज, श्याम ऑटोमोटिव, पटेल मोटर्स, जस्टडॉयल एवं कल्पमोनेटरी आदि के लगभग 600 से अधिक विभिन्न पदों जैसे-सेल्स एक्जिकेटिव, टेक्नीशियन, टेलीकॉलर मार्केटिंग, टीम लीडर, सुरक्षा गार्ड, हैल्पर, पेकर, ऑपरेटर आदि के पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों से साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे।

उक्त मेले में 18 से 45 वर्ष के आवेदक जो की अनपढ़ से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में उत्तीर्ण है अथवा तकनिकी योग्यता है को रोजगार दिया जाएगा। इसके लिए आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियों एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड आदि के प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियों साथ लाकर मेले में भाग ले सकते हैं।

सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

एससी उपजातियों के बोर्ड अध्यक्ष को मंत्री का दर्जा मिलेगा

● अंबेडकर महाकुंभ में सीएम का ऐलान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। ग्वालियर में अंबेडकर महाकुंभ में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति समाज की प्रमुख उप जातियों के अलग-अलग कल्याण बोर्ड बनाएंगे। जैसे कोरी कल्याण बोर्ड, जाटव कल्याण बोर्ड... इनके अध्यक्ष और सदस्य भी बनाएंगे। अध्यक्ष को मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। इनकी जिम्मेदारी समाज के बीच दौरा करना और समस्याएं जानने का होगा। सीएम शिवराज सिंह ने ये भी कहा कि अभी तक जिन परिवारों की वार्षिक आय 6 लाख होती थी उनकी पढ़ाई की फीस सरकार जमा कराती थी। आज से 8 लाख तक के आय वाले परिवारों के बच्चों की फीस सरकार जमा कराएगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जय भीम का नारा लगाते हुए अपनी स्पीच शुरू की। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, जिस बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान बनाया, उन्हें चुनाव में हरवाने का काम कांग्रेस ने किया। बाबा साहब के बनाए संविधान पर मोदी जी और हम सरकार चला रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, मेरी पत्नी के पूर्वज सयाजीराव गायकवाड़ महाराज ने बाबा साहब को पढ़ाई के लिए विदेश भेजा था।

● महिलाओं से काले दुपट्टे लिए, इसके बाद एंट्री

अंबेडकर महाकुंभ में काले दुपट्टे पहनकर आई महिलाओं से काले दुपट्टे बाहर ही रखवा लिए गए। इसके बाद ही उन्हें कार्यक्रम में एंट्री दी गई। ग्वालियर-चंबल संभाग के 8 जिलों में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित विधानसभा सीट और इस वर्ग के वोटर्स को साधने के लिए यह कार्यक्रम अहम माना जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ज्योतारादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और दूसरे सीनियर लीडर भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं।

बसपा की पूर्व विधायक शीला त्यागी कांग्रेस में शामिल

भोपाल। कमलनाथ भोपाल दफ्तर में बाल कांग्रेस की बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान कमलनाथ की मौजूदगी में रीवा के मनगवां से बसपा की विधायक रहीं शीला त्यागी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

पूर्व राज्यपाल ने बड़े खुलासे किए-

जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और भाजपा के सीनियर लीडर सत्यपाल मलिक के बयान पर कमलनाथ ने कहा- सत्यपाल मलिक का इंटरव्यू देख लीजिए। उन्होंने जो कहा, बहुत बड़ा खुलासा है।

18 साल में शिवराज को नहीं आई याद-

कमलनाथ ने कहा, शिवराज सिंह विभिन्न घोषणा कर रहे हैं। जहां जा रहे हैं, वहां घोषणा कर रहे हैं। मेरा प्रश्न है कि 18 साल में आपने जो नहीं किया, आखिरी 5 महीनों में आप इन घोषणाओं से लाडली बहना, जनता को मूर्ख बनाना चाहते हैं। आपको लाडली बहन पिछले 18 साल में तो याद नहीं आई। चुनाव के समय लाडली बहन की क्यों याद आती है?

आई हेट एमपी सरकार लिखकर

खंडवा में दो बेटियों के पिता का सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा। खंडवा के एक आदिवासी युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना शनिवार सुबह की है, सुसाइड से पहले युवक ने वॉट्सऐप और फेसबुक पर पोस्ट की। इस पोस्ट में मौत का कसूरवार डायल 100 पुलिस के एक जवान को बताया है। साथ ही आखिरी इच्छा जताई कि उसकी प्रॉपर्टी बहनों को दे दी जाए। बहनों से आग्रह किया कि वे उसकी दोनों बेटियों का ख्याल रखें। यह कहकर अंत में लिखा- आई हेट एमपी सरकार।

मामला थाना नर्मदानगर क्षेत्र के गांव मुंडई (मोहना) का है। मृतक बबलू भास्करे किसान है, उसे शराब के नशे की लत लग चुकी थी। इसी कारण पत्नी ज्योतिबाई से मनमुटाव चल रहा था। कुछ महीने से पत्नी ज्योतिबाई अपने साथ दोनों बेटियों को लेकर मायके में रह रही थी। मायका धनगांव थाना क्षेत्र के गांव काकरिया का है, चार साल पहले बबलू की शादी हुई थी। दो बेटियां है, एक की उम्र 3 साल तो दूसरी डेढ़ साल की है।

बबलू चाहता था कि उसकी पत्नी ज्योतिबाई और दोनों बेटियां वापस आ जाएं। इसी कोशिश में वह शुक्रवार को ससुराल गया, लेकिन उसे निराशा मिली। फिर अपने गांव मुंडई आकर उसने डायल 100 को सूचना दी कि वह सुसाइड कर रहा है। मौके पर पहुंचे पुलिस जवान ने बबलू को समझाया तो वह कहने लगा कि मेरी पत्नी और बच्चों को लौटा दो। ससुराल वाले उन्हें आने नहीं दे रहे है। इस पर पुलिस ने थाने पर रिपोर्ट कराने की बात कहकर उसे गाड़ी में बैठा लिया। बबलू शराब के नशे में था, इसलिए उसके माता-पिता ने पुलिस से कहा, बबलू दो हफ्ते से इस तरह का पागलपन कर रहा है, आप इसे छोड़ दीजिए। पुलिस वापस लौट आई, शनिवार सुबह बबलू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

एक्सीडेंट में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

● मां और बेटा-बेटी ने तोड़ा दम बाइक सवार को बचाने में पेड़ से टकराई कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

बालाघाट। बालाघाट में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। चार अन्य घायल हैं, इनमें एक की हालत गंभीर है। परिवार महाराष्ट्र से बालाघाट आयुर्वेदिक दवा लेने आया था, इसी दौरान उनकी कार पेड़ से टकरा गई।

हादसा रजेगांव से आगे बालाघाट रोड पर घिसर्री नदी के पास सुबह 8 बजे हुआ। महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के ब्रम्हपुरी से एक परिवार जिले के बैहर क्षेत्र के कुमादेही में आदिवासियों से आयुर्वेदिक दवा लेने आ रहा था। हादसे के वक्त विजय बडोले (65) कार चला रहे थे। कार में उनकी पत्नी कुंदा (60), बेटा गिरीश (40), बहू बबीता (35), बेटी मोनाली (35) पति धनंजय चौधरी और नाती हंसित (3) और नातिन विदिशा (5) बैठे हुए थे। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है।

घायलों ने बताया कि कार मंगोली और नेवरगांव कला के बीच पहुंची ही थी कि घिसर्री नदी के पास एक बाइक चालक अचानक सामने आ गया। उसे बचाने के चक्कर में कार चला रहे विजय ने स्टीयरिंग पर नियंत्रण खो दिया। जिससे कार सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में मोनाली की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कुंदा और गिरीश ने जिला अस्पताल लाते समय दम तोड़ दिया। विजय की हालत गंभीर है।

मिर्ची बाबा की डीएनए रिपोर्ट निगेटिव आई

वकील बोला- अब जल्द बरी होंगे बाबा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। रेप के आरोप में जेल में बंद मिर्ची बाबा उर्फ वैराग्यानंद गिरि की डीएनए रिपोर्ट निगेटिव आई है। यानी उसके सैम्पल पीड़िता से नहीं मिले हैं, जिसके बाद वकील ने जल्द ही जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। इधर, बाबा को केन्द्रीय जेल भोपाल के बैरक-17 में रखा गया है। जहां ज्यादातर वक्त भक्ति-भाव में बीत रहा है।

जेल अधीक्षक राकेश भांगरे ने बताया कि बाबा का अधिकतर वक्त माला फेरने में कटता है। वह अब शालीनता से रहता है। सुबह उठकर जेल के अंदर बने मंदिर में पूजा करता है। इसके बाद बैरक में चला जाता है। उसके बैरक में सभी अंडर ट्रायल कैदी हैं। बाबा 8 माह 8 दिन से जेल में बंद है। करीब दो महीने पहले पुलिस उसे जेल से लेकर जेपी अस्पताल पहुंची थी। जहां, डीएनए के लिए पीड़िता और बाबा के मेडिकल सैम्पल लिए गए थे। बता दें कि 8 अगस्त 2022 को रायसेन की 28 साल की महिला ने मिर्ची बाबा उर्फ वैराग्यानंद गिरि के खिलाफ रेप व धमकी का केस दर्ज कराया था। जिसके बाद उसे ग्वालियर से गिरफ्तार किया गया था। तब से ही बाबा भोपाल की केन्द्रीय जेल में है।

● वकील ने कहा- बाबा बरी होंगे

मिर्ची बाबा के वकील श्रीकृष्ण धौंसेला बताते हैं- पुलिस विवेचना के दौरान भोपाल के जेपी अस्पताल में आरोपी का डीएनए सैंपल लिया गया था। उसी समय बाबा को जेल से बुला कर ब्लड सैंपल लिया था। वो सारा सैंपल उन्होंने फॉरेंसिक जांच में दिया था। वो सारी रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई हैं। उनका मिलान नहीं हो पाया है। इससे केस में यह फायदा होगा कि बाबा को राजनीतिक पूर्वक फंसाया गया था। आने वाले समय में बाबा बरी होंगे। हमें न्यायालय पर पूरी तरीके से भरोसा है।

रानी कमलापति के अपमान पर सोनिया गांधी जवाब दें..

सीएम बोले- एक खानदान का नाम जपने वालो रानी का अपमान मत करो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। रानी कमलापति पर नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविन्द सिंह के बयान पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। सीएम ने स्मार्ट पार्क में पौधारोपण के बाद मीडिया से चर्चा में नेता प्रतिपक्ष के बयान पर सोनिया गांधी से जवाब मांगा है। सीएम ने कहा- मुझे यह कहते हुए गर्व है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद सब महापुरुष और क्रांतिकारियों को महिमामंडित करने का उनके बलिदान को, उनके कामों को सामने लाने का प्रयास चल रहा है। और इसलिए हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन किया। केवल एक खानदान का नाम जपने वालो... कम से कम हमारी गौरव, आदिवासी भाई बहनों की गौरव और महिला रानी कमलापति का अपमान तो मत करो।

भिंड में अंबेडकर जन्मदिवस के कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष ने मंच से सिंधिया परिवार पर निशाना साधा और कहा- कि सिंधिया ने भिंड के भदौरिया(ठाकुर) और दलितों की हत्या कर दी थी। इटावा में खजाना लूटने के बाद ठाकुरों और दलितों की सिंधिया ने हत्या की थी। इसके आगे डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि रानी कमलापति को कोई नहीं जानता, ढूंढ-ढूंढकर भाजपा नाम रख रही है। इसे भाजपा ने आदिवासी समाज का अपमान बताया है। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का एक वीडियो सामने आया है।

संपादकीय

समस्या और चुनौती

तंबाकू को लेकर नीतिगत फैसलों के किस पहलू को सही ठहराने की कोशिश की जाती है। अगर सरकार तंबाकू आधारित उत्पादों को स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक मानती है तो उनकी बिक्री और उससे आगे उत्पादन को लेकर कोई ठोस नियमन क्यों नहीं हो सकता? यह छिपा नहीं है कि गुटखा या तंबाकू आधारित उत्पादों की वजह से कैंसर या अन्य कई गंभीर रोग आज जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या और चुनौती के रूप में सामने है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ लहजे में कहा कि गुटखा बेचना कोई अमृत बेचना नहीं है; इस पर स्थायी तौर पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई जाती? जाहिर है, अदालत ने एक तरह से यह बुनियादी सवाल उठाया है कि अगर सरकार यह मानती है कि गुटखा या तंबाकू उत्पादों से लोगों की सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचता है तो इसके उत्पादन और बिक्री को लेकर कोई ठोस नियमन क्यों नहीं है। यह विरोधाभास ही है कि एक ओर देश भर में लोगों की सेहत को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार की ओर से सख्त नियम-कायदे लागू किए जाते हैं और उन पर अमल सुनिश्चित कराया जाता है, दूसरी ओर रोजमर्रा की जिंदगी में स्वास्थ्य के लिए खतरा साबित होने वाली चीजों की बिक्री को लेकर लापरवाही का आलम कायम रहता है। गौरतलब है कि तमिलनाडु में मद्रास उच्च न्यायालय ने राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त की 2018 की उस अधिसूचना को रद्द कर दिया था, जिसके जरिए गुटखा और अन्य तंबाकू आधारित उत्पादों की बिक्री, निर्माण और माल ढुलाई पर रोक लगाई गई थी। हाई कोर्ट के उसी आदेश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सही है कि तमिलनाडु सरकार आम लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले इन पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की कोशिश की, लेकिन ऐसे नियम क्यों होते हैं कि हर अगले साल नए सिरे से उनके लिए अधिसूचना जारी करनी पड़ती है? इस सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सही ही पूछा कि हर साल ऐसी अधिसूचना जारी करने के बजाय स्थायी रुप से इस पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई जाती! लेकिन तमिलनाडु सरकार की ओर से इसका विचित्र जवाब यह दिया गया कि निर्माता कंपनियां पान-मसाला और तंबाकू अलग-अलग पाउच में बेचती हैं, इसलिए इस पर स्थायी पाबंदी नहीं लगाया जा सकता है।

सैर-सपाटा

भुवनेश्वर में हैं ये 7 सबसे फेमस मंदिर, दर्शन के लिए हर दिन पहुंचते हैं हजारों लोग

ओडिशा के भुवनेश्वर को मंदिरों का शहर कहा जाता है। यहां न केवल देश से बल्कि दुनिया भर से बहुत सारे पर्यटकों को आकर्षित करता है। शहर में और उसके आसपास कई पुराने मंदिर हैं, जो बेहद प्राचीन हैं जहां दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए आते हैं। यहां भुवनेश्वर के कुछ फेमस मंदिरों के बारे में बता रहे हैं। जहां आप परिवार के साथ दर्शन के लिए जा सकते हैं।

● 1) लिंगराज मंदिर

लिंगराज मंदिर शहर का सबसे बड़ा और पुराना मंदिर है। ये मंदिर भगवान शिव को समर्पित है, जिसे राजा जाजति केशरी ने बनवाया था। मंदिर को चार भाग में बांटा गया है, गर्भ गृह, यज्ञ शाला, भोग मंडप और नाट्यशाला। केवल मीनार ही नहीं, बल्कि भोग मंडप की दीवारों में भी मूर्तियां हैं।

● 2) राजरानी मंदिर

लिंगराज मंदिर के समान राजरानी मंदिर 11वीं शताब्दी की कलिंग वास्तुकला पर बना है। यहां की मूर्तियां भगवान शिव और देवी पार्वती के विवाह को दर्शाती हैं। इस मंदिर का एक और महत्व यह है कि इसका निर्माण उसी समय किया गया था जब पुरी में जगन्नाथ मंदिर था।

3) परशुरामेश्वर मंदिर

परशुरामेश्वर मंदिर 7वीं और 8वीं शताब्दी के बीच शैलोद्भव काल में बनाया गया है। इस मंदिर का रखरखाव और प्रशासन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है।

● 4) राम मंदिर

राम मंदिर भगवान राम, उनकी पत्नी, देवी सीता और उनके भाई भगवान लक्ष्मण को समर्पित है। गेरुए रंग से रंगे मंदिर को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। रामनवमी, शिवरात्रि, जन्माष्टमी और दशहरा जैसे शुभ अवसरों के दौरान यहां का माहौल देखने लायक होता है। इसे भुवनेश्वर में सबसे फेमस मंदिरों में से एक माना जाता है।

● 5) ब्रह्मा मंदिर

ये मंदिर भगवान ब्रह्मा की ऐतिहासिक यात्रा का प्रतीक है। मंदिर में भगवान ब्रह्मा के शाश्वत ब्लैक क्लोराइट अवतार हैं, जो इस ऐतिहासिक मंदिर का सबसे अच्छा आकर्षण है। शाम के समय इस मंदिर में जाएं, क्योंकि इस दौरान यहां पंडित भगवान ब्रह्मा की पूरी महिमा के साथ पूजा करते हैं।

● 6) परशुरामेश्वर मंदिर

यह भुवनेश्वर के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक है, जिसका निर्माण 7वीं शताब्दी की शुरुआत में हुआ था। भगवान शिव को समर्पित, यह मंदिर अविश्वसनीय सार का दावा करता है जो आपके मन और आत्मा को शांत करेगा।

● 7) मुक्तेश्वर मंदिर

मुक्तेश्वर मंदिर भुवनेश्वर में स्थित दसवीं शताब्दी में बनाया गया था। मंदिर के शीर्ष पर मौजूद देवताओं की मूर्तियां भी बौद्ध प्रभाव की याद दिलाती हैं। इस मंदिर की प्रमुख विशेषता तोरण या मेहराब है जिसे विस्तृत रूप से महिलाओं के गहनें और अन्य जटिल डिजाइनों से सजाया गया है।

Highlights

1. **Former Karnataka CM Jagadish Shettar joins Congress after quitting BJP**
2. **Female dancer falls 20 ft and crashes onto the stage during performance at Coachella**
3. **Passengers' food, drinks spill in Portugal-bound plane after turbulence; video viral**
4. **What is Starship, the biggest & most powerful rocket set to be launched today?**
5. **Video shows Rahul eating ice cream at Nandini outlet in K'taka**
6. **CBI arrests TMC MLA Jiban Krishna after raid over recruitment scam**
7. **Plea in SC seeks independent committee's probe into Atiq's killing**
8. **Eyewitness jawan arrested for murder of 4 soldiers at Bathinda Military Station**

Saudi prince announces transfer of 4% Aramco stake to public investment firm

NEW DELHI, (Agency). Crown Prince Mohammed bin Salman's decision, announced by the state-run Saudi Press Agency, sends the stake to the Saudi Arabian Investment Co., known as Sanabil Investments. Sanabil is under the sovereign wealth fund known as the Public Investment Fund.

"The transfer will also solidify PIF's strong financial position and credit rating," the statement about the deal said. It gave no possible investment targets for either Sanabil or the PIF.

Saudi Aramco, formally known as the Saudi Arabian Oil Co., acknowledged the shares going to Sanabil. It said the Saudi government remains the oil firm's biggest shareholder, with over 90% of its stock.

"This is a private transfer between the state and Sanabil, and the company is not a party to the transfer and did not enter into any agreements or pay or receive any proceeds from the transfer," Aramco said in a stock market filing.

In February 2022, another 4% of Aramco had been transferred to the PIF. Just 1.73% of the company, a narrow sliver, is traded on Saudi Arabia's Tadawul stock market since the company's 2019 initial public offering.

Aramco has a market value of $1.94 trillion, making it the world's third most-valuable firm, behind just Apple and Microsoft respectively. That makes the 4% worth in theory some $77.6 billion.

Aramco stock traded slightly up on the Tadawul to $8.82 a share Sunday.

Aramco reported earning a $161 billion profit last year, claiming the highest-ever recorded by a publicly listed company. That came off the back of energy prices rising after Russia launched its war on Ukraine in February 2022, with sanctions limiting the sale of Moscow's oil and natural gas in Western markets.

As TCS, Infosys miss street estimates, experts predict choppy quarters ahead

NEW DEIHI, (Agency). The results of top-tier companies TCS and Infosys have tripped on global uncertainties and missed street estimates, setting a subdued tone for Q4 show by the IT pack, and experts see choppy 1-2 quarters for the industry but are hopeful of subsequent recovery.

The earnings' season started on a sombre note with the Q4 scorecards that fell short of expectations, but more importantly the management commentary of India's top two IT services companies was punctuated with words of caution about prevailing customer sentiments across BFSI, technology services and certain other verticals, particularly in the US.

While Infosys top brass spoke of "unplanned project ramp downs and decision making delays by some customers", Tata Consultancy Services (TCS) talked of some clients deferring newer, non-critical initiatives.

Industry veteran and former Infosys director T V Mohandas Pai says Q4FY23 will be subdued for IT players but that extent and impact will depend on profile and strategy of individual companies.

He sees "a cautious Q1FY24 with some hope of growth coming back in Q2 of this year".

Pai believes uncertainties in the US market is likely to come down in April-June quarter, and that new work will take 1-2 quarters to come by, so "October-November will be better time".

New Delhi

राजधानी दिल्ली में कोरोना ले रहा जान, हरियाणा और यूपी में भी बढ़ी संक्रमण की रफ्तार

नई दिल्ली, (एजेंसी) कुछ ही दिनों में कोरोना ने लोगों को फिर से हैरान कर दिया है। राजधानी दिल्ली और आसपास के राज्यों में तेजी से कोरोना का ग्राफ बढ़ा है। वहीं राजधानी में एक ही सप्ताह में कोविड की वजह से 24 लोगों की जान चली गई जो कि देश में सबसे ज्यादा हैं। वहीं रविवार तक के आंकड़ों की बात करें तो एक सप्ताह में ही दिल्ली में 8,599 केस रिपोर्ट हुए। 9 से 15 अप्रैल तक हरियाणा में 4554 केस, उत्तर प्रदेश में 3,332 केस सामने आए। वहीं राजस्थान में एक सप्ताह में 14 लोगों की जान चली गई।

फिलहाल एक सप्ताह के आंकड़ों की बात करें तो केरल 18 हजार से ज्यादा केस के साथ टॉप पर रहा। दूसरे नंबर पर दिल्ली और फिर महाराष्ट्र में संक्रमण में वृद्धि दर्ज की गई। एक सप्ताह में भारत में कुल 61,500 केस सामने आए जो कि पिछले सप्ताह के मुकाबले 81 फीसदी ज्यादा हैं। इन सात दिनों में देशभर में कुल 113 लोगों की कोविड से मौत भी हो गई। सात दिनों का टीपीआर 5 फीसदी से ज्यादा हो गया। पिछले 14 महीने में ऐसा पहली बार हुआ है। देश में अब ऐसे 10 राज्य हो गए हैं जिनमें दो हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इसी बीच आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर ने दावा किया है कि मई के मध्य में कोरोना का पीक आएगा और रोज 50 हजार मामले सामने आ सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह कोई कोविड की लहर नहीं है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है।

Punjab

बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में गोलीबारी का मामला, सेना का एक जवान गिरफ्तार

बठिंडा, (एजेंसी) बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में गोलीबारी में हुई चार जवानों की मौत के मामले में पंजाब पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। खबर है कि इस मामले में सेना के एक जवान को गिरफ्तार कर लिया गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि गिरफ्तारी को लेकर पंजाब पुलिस सोमवार दोपहर 12 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है। पंजाब पुलिस ने बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में पिछले सप्ताह बुधवार को हुई 4 जवानों की हत्या का मामला सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य गवाह देसाई मोहन नामक गनर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को शुरू से दो जवानों गनर नागा सुरेश और गनर देसाई मोहन पर शक था। बाद में पुलिस का शक देसाई मोहन पर गहराता गया और आखिरकार सोमवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले मिलिट्री स्टेशन पर गोलीबारी की घटना की जांच करते हुए पंजाब पुलिस ने सेना के एक दर्जन जवानों को धारा 160 के तहत बयान दर्ज करवाने के लिए नोटिस जारी किया था। ये जवान सोमवार को बठिंडा में अपने बयान दर्ज करवा सकते हैं। इस मामले में आर्मी खुद भी जांच में जुटी है।

बठिंडा कैंट के एसएचओ गुरदीप सिंह ने कहा कि जवानों को पुलिस

Bihar

मोतिहारी में 32 की मौत, एक की कोर्ट में पेशी के बाद निधन; 5 थानेदार सस्पेंड, 70 गिरफ्तार

मोतिहारी, (एजेंसी) मोतिहारी में जहरीली शराब से हो रही मौतों का सिलसिला जारी है। शुक्रवार की शाम से लेकर अब तक 32 लोगों की जान जा चुकी है। मरने वाले सभी लोग हरसिद्धि, पहाड़पुर, तुरकौलिया, सुगौली और रघुनाथपुर के रहने वाले हैं। रविवार को शराब मामले में गिरफ्तार एक आरोपी की मौत चौंकाने वाली थी। दरअसल, शनिवार की शाम शराब के नशे में पुलिस ने किया था। रविवार को कोर्ट में पेशी के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालत गंभीर देख डॉक्टर ने किया हायर सेंटर रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। उसकी पहचान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के धवही गांव निवासी 60 वर्षीय मुन्नी पटेल के रूप में हुई। इधर, मोतिहारी जिला प्रशासन ने 22 लोगों की पुष्टि की है। इसमें 6 का पोस्टमार्टम कराया गया है। मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 5 थानेदार को सस्पेंड कर दिया गया है। रघुनाथपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार, तुरकौलिया थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, हरसिद्धि थानाध्यक्ष ज्वाला सिंह, पहाड़पुर थानाध्यक्ष अभिनव दुबे और सुगौली थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा शामिल हैं।

Gujrat

खुद से घर पर बनाया हथियार, फिर दी अपनी बलि... गुजरात के दंपति की दर्दनाक कहानी सुनकर कांप जाएगी आपकी रूह

राजकोट, (एजेंसी) राजकोट जिले में एक व्यक्ति और उसकी पत्नी ने गिलोटिन जैसे उपकरण का इस्तेमाल करके अपना सिर काटकर आत्महत्या कर ली. मामला अंधविश्वास से जुड़ा बताया जा रहा है. पुलिस के मुताबिक, दोनों ने गिलोटिन उपकरण को घर पर ही बनाया था. फिलहाल मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है.

गुजरात के राजकोट जिले में दंपति ने अंधविश्वास के चलते खुद की बलि दे डाली. हैरानी की बात ये रही कि उन्होंने बलि देने के लिए पहले खुद गिलोटिन जैसा उपकरण

बनाया. फिर उसका इस्तेमाल कर अपना सिर काटकर आत्महत्या कर ली. मामला विंछिया गांव का है.

सब इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह जड़ेजा ने बताया कि मृतक दंपति की पहचान 38 वर्षीय हेमूभाई मकवाना और 35 साल की हंसाबेन के रूप में हुई है. घटनास्थल से पुलिस को सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है. जानकारी के मुताबिक, पति-पत्नी ने इस गिलोटिन जैसे उपकरण के ठीक सामने आग की वेदी भी बनाई थी.

उसमें पहले उन्होंने आग जलाई. फिर दोनों गिलोटिन में लगे ब्लेड के नीचे सिर झुकाकर बैठ गए. जैसे ही ब्लेड से दोनों के सिर कटे, वे सीधे कटकर आग की वेदी में जा गिरे. इससे दोनों के सिर जल गए. वहीं, दंपति का धड़ गिलोटिन उपकरण के पास में पड़ा रहा.

खेल

वेंकटेश के शतक पर भारी किशन का अर्धशतक

मुंबई ने कोलकाता को पांच विकेट से हरा दूसरी जीत हासिल की

मुंबई, (एजेंसी) आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली है। वानखेड़े स्टेडियम में खास पहल के तहत यह टीम अपनी महिला टीम की जर्सी पहनकर उतरी थी और कोलकाता के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की। कोलकाता नाइट राइडर्स ने वेंकटेश अय्यर के शतक के दम पर निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 185 रन बनाए थे। इसके जवाब में मुंबई ने 17.4 ओवर में पांच विकेट पर 186 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। मुंबई के लिए ईशान किशन ने 58 रन बनाए।

मुंबई के नियमित कप्तान रोहित शर्मा के पेट में समस्या थी। ऐसे में सूर्या ने टीम की कमान संभाली और टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आईपीएल में अपना पहला मैच खेल अर्जुन तेंदुलकर ने गेंदबाजी की शुरुआत की, लेकिन वह कुछ खास नहीं कर पाए। उन्होंने दो ओवर में 17 रन खर्च किए। इसके बाद उन्हें गेंदबाजी का मौका नहीं मिला। कोलकाता की शुरुआत कुछ खास नहीं थी। नरायण जगदीसन खाता खोले बिना कैमरून ग्रीन का शिकार बन गए।

11 रन के स्कोर पर कोलकाता का पहला विकेट गिरा और वेंकटेश बल्लेबाजी के लिए आए। उन्होंने क्रीज पर आते ही बड़े शॉट खेलने शुरू कर दिए। हालांकि, ग्रीन की गेंद को स्कूप करने के प्रयास में वेंकटेश अय्यर सफल नहीं हो पाए और उनके घुटने में चोट लग गई। इसके बाद फिजियो ने मैदान पर आकर उन्हें दर्द निवारक दवाई दी और इसके बाद वेंकटेश ने जमकर चौके-छक्के लगाए। अय्यर केकेआर के लिए अपना तीसरा सत्र खेल रहे हैं। केकेआर के लिए सिर्फ अय्यर ही शानदार पारी खेल पाए, जबकि अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया।

सिनेमा

ना सामंथा का ग्लैमर चला ना अल्लू अर्जुन का स्वैग, फर्स्ट वीकेंड में बस इतना रहा बिजनेस

साउथ के सुपरस्टार्स से सजी फिल्म शाकुंतलम ने बॉक्स ऑफिस पर अपना पहला वीकेंड पूरा कर लिया है। ओपनिंग डे पर 3 करोड़ रुपये का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन करने वाली इस फिल्म का बिजनेस समय के साथ और खराब होता चला गया है। माना जा रहा था कि 65 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म अगर शुरुआती कुछ दिनों में अच्छी कमाई कर लेती है तो यह अपनी लागत निकालने में कामयाब हो जाएगी, मगर हुआ इसका ठीक उल्टा। फिल्म का बिजनेस शुरुआती 3 दिनों में बहुत बुरा रहा है।

पहले दिन 3 करोड़ रुपये कमाने वाली इस फिल्म ने दूसरे दिन 1 करोड़ 85 लाख रुपये का बिजनेस किया था। हिंदी पट्टी के सिनेमाघरों की बात करें तो फिल्म ने नॉर्थ इंडिया से महज 5 लाख रुपये कमाए। तीसरे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म का DAY 3 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 2 करोड़ रुपये के आसपास बताया जा रहा है। यानि टोटल कलेक्शन फिल्म की लागत के हिसाब से बहुत बुरा है।

तीसरे दिनों के आंकड़े के मुताबिक फिल्म ने तीन दिन बाद बॉक्स ऑफिस पर महज 6 करोड़ 85 लाख रुपये की आदमनी की है। तकरीबन 7 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन उस वक्त काफी बुरा माना जाता है जब फिल्म का कुल बजट ही 65 करोड़ रुपये हो। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर सामंथा की वापसी को लेकर सभी खुश थे, लेकिन वो खुशी सिनेमाघरों में कहीं नजर नहीं आई।

इंदौर। सेन जयंती पर गीता भवन स्थित सेन महाराज के मंदिर मैं समाज जनों द्वारा आरती की गई।

सूने मकानों में घुसे चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अलग-अलग स्थानों पर चोरों ने दो मकानों को निशाना बनाया और वारदात को अंजाम देते हुए नकदी व जेवरात चोरी कर भाग निकले।**

राजेंद्र नगर इलाके में चोरी की पहली वारदात दत्त नगर में रहने वाले सतीश पिता माधवराव कोरडेके सूने मकान में हुई। पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में सतीश ने बताया कि अज्ञात बदमाश मकान के मुख्य दरवाजे का कुंदा और सेंटरलाक तोड़कर घुसे और सोने चांदी के जेवर और नकदी चुरा ले गए दूसरी वारदात सिलीकान सिटी में रहने वाले सुखदेव पिता पूनमचंद कुमरावत के मकान में दिनदाहड़े हुई। अज्ञात आरोपी मेन गेट का नकूचा तोडकर अंदर घुसे और जेवर व नगदी चुरा ले गए। उधर किशनगंज क्षेत्र थाना क्षेत्र के ग्राम पिगडंबर स्थित संस्कृति पैराडाइज कालोनी में एक मकान में चोरी हो गई फरियादी पुनीत खन्ना निवासी महू ने बताया कि अज्ञात बदमाश सूने मकान से जेवर,लैपटाप, मोबाइल, बीपी मशीन आदि सामान के साथ नकदी चुरा ले गए।

युवती की मौत में युवक पर केस

इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में शादी का दवाब बना रहे युवक से परेशान होकर 23 वर्षीय युवती ने खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार नंदानगर निवासी 23 वर्षीय युवती ने रविवार शाम को फंदा लगाकर खुदकुशी की है। जांच में पता चला कि कुछ समय पूर्व युवती की शादी तय हुई थी। बाद में उसने शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद भी एक युवक उसपर शादी के लिए दवाब बना रहा था। इस बात से तंग आकर उसने यह कदम उठाया होगा। सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें युवक द्वारा परेशान करने की बात लिखी गई है। नोट को जांच में शामिल किया है।

दो स्थानों पर छेड़छाड़

इंदौर। हुकुमचंद कॉलोनी में रहने वाली युवती की शिकायत पर देवेंद्र पिता राजेंद्र शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को बताया कि कल दोपहर वह क्षेत्र में रहने वाली बड़ी बहन से मिलने जा रही थी तभी रास्ते में आरोपी ने रोका और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा शोर मचाया तो मारपीट की और धमकी देकर भाग गया। इसी प्रकार न्यू शीतल नगर में रहने वाली किशोरी की शिकायत पर राजेश पिता ओमकार सोलंकी के खिलाफ धारा 354 का केस दर्ज किया है। आरोपी ने रास्ते में रोककर किशोरी के साथ छेड़छाड़ की थी।

फूड पाइजनिंग- 15 छात्राएं बीमार

इंदौर। राऊ थाना क्षेत्र की सेज यूनिवर्सिटी में हॉस्टल का खाना खाने से 15 छात्राएं बीमार हो गईं। सभी छात्राओं को पास के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि, सभी छात्राओं ने हॉस्टल के मेस में बना खाना खाया था। जिसके बाद उनकी तबीयत खराब होने लगी। जिसके बाद हॉस्टल प्रबंधन द्वारा सभी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं इस पूरे मामले को लेकर हॉस्टल प्रबंधन कोई बात करने को तैयार नहीं है।

किशोरी और युवती से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एक किशोरी और युवती से दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं, जिनमें पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किए हैं।**

भागीरथपुरा में रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिक किशोरी ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 28 मार्च को घर में अकेली थी तभी मुकेश निवासी धूप पाड़ा जिला झाबुआ आया और डरा धमकाकर जबरदस्ती बस में बैठाकर झाबुआ ले गया और मनीष के घर में छोड़कर चला गया । बंधक बनाकर कई बार उसके साथ रेप किया और धमकी दी कि अगर घटना की जानकारी किसी को बताई तो जान से मार दूंगा। पीड़िता आरोपी के चंगुल से छूट कर इंदौर आयी और अपने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजनों से थाने लेकर पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई।

इसी प्रकार विजयनगर क्षेत्र में रहने वाली 29 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पर आरोपी जगदीप सिंह निवासी हिमाचल प्रदेश के खिलाफ विजयनगर पुलिस ने धारा 376 और 506 का प्रकरण दर्ज किया है । पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी इंटरनेट पर जगदीश सिंह से पहचान हुई और फिर दोनों में प्यार हो गया । आरोपी जगदीश सिंह ने शादी का झांसा देकर होटल गार्डन विजय नगर में बुलाकर कई बार रेप किया और परेशानी बता कर दो लाख रुपए भी ले लिए। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

छेड़छाड़ कर रहे युवक को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । सिटी बस में महिला यात्रियों से छेड़छाड़ और अश्लील इशारे करने वाले युवक लोगों ने पकड़ा और उसकी जमकर धुनाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया ।

युवक कलेक्ट्रेट चौराहे से राजवाड़ा के लिए सिटी बस में बैठा था। वह नशे में धुत होकर बस में महिला यात्रियों से छेड़छाड़ और अश्लील इशारे कर रहा था। पुरुष यात्रियों ने उसे समझाने का प्रयास किया मगर वह बाज नहीं आया इस पर यात्रियों ने राजवाड़ा पहुंची सिटी बस में से नशेड़ी युवक उतारा और उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। एमजी रोड पुलिस ने बताया कि युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। एआईसीटीएलके फील्ड ऑफिसर जय दुबे ने बताया कि बस कलेक्ट्रेट तिराहे पर रुकी तो एक बस में बैठ गया और फिर महिला यात्रियों से छेड़छाड़ कर रहा था ।

पिता से विवाद, बेटे को किया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक युवक को तीन लोगों ने घेर लिया और मारपीट करते हुए उस पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल के पिता ने आरोपियों को गाली दी थी। इससे नाराज होकर उन्होंने बेटे पर हमला कर दिया। एमआईजी पुलिस ने बताया कि गोविंद पिता कंचन सूर्यवंशी निवासी रूस्तम का बगीचा की शिकायत पर अभिषेक, राजेश और आकाश के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह घर के बाहर मोबाइल पर गाने सुन रहा था इसी दौरान अभिषेक वहां पर आया। आरोपी का कहना था कि तेरे पिता गाली गलौज क्यों कर रहे थे, यह कहते हुए आरोपी ने उसके साथ में गाली गलौज करना शुरू कर दिया उसने विरोध किया तो दूसरे आरोपी भी वहां पर आ गए और उसके साथ में मारपीट करना शुरू कर दिया। वह बचकर भागा तो आरोपियों ने डंडा उठाकर उसके सिर पर मार दिया इससे सिर से खून निकलने लगा।

ऊर्जस एप ने की 343 बिजली उपभोक्ताओं की मदद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के मोबाइल एप ऊर्जस के माध्यम से उपभोक्ताओं की आपूर्ति संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। पिछले चौबीस घंटों में कंपनी क्षेत्र में 343 उपभोक्तों की मदद की गई है। मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य ने बताया कि प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निदेर्शानुसार उपभोक्ताओं की हर संभव मदद की जा रही है। इसी क्रम में ऊर्जस एप पर दर्ज होने वाली शिकायतों का भी तेजी से समाधान किया जाता है, साथ ही फोन कर शिकायत निवारण का फीडबैक भी लिया जाता है। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान इंदौर शहर के 203 उपभोक्ताओं ने ऊर्जस एप का आपूर्ति समाधान के लिए उपयोग किया। इसी तरह देवास , खंडवा, रतलाम , उज्जैन के 10 से 40 उपभोक्ताओं ने ऊर्जस एप के उपयोग से राहत प्राप्त की है। इस एप पर दर्ज आपूर्ति संबंधी शिकायतों का निराकरण केंद्रीय कॉल सेंटर 1912 के माध्यम से कुछ मिनिटों के अंदर प्रारंभ हो जाता है। पूरी प्रक्रिया की प्रतिदिन मानिटरिंग होती है।

लोन के रुपए मांगने पर मारपीट

इंदौर। राऊ इलाके में लोन कंपनी के कर्मचारियों से मारपीट का मामला सामने आया है। लोन वसूली करने गए कर्मचारियों की कार के कांच भी फोड़ दिए। कर्मचारियों की शिकायत पर पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है। कंपनी कर्मचारियों ने पुलिस को बताया है कि आरोपी लोन की किश्तें नहीं चुका रहे थे। पुलिस के मुताबिक घटना रंगवासा ग्राम की है। यहां श्याम राठौर निवासी ऋषि विहार कॉलोनी की शिकायत पर पुलिस ने सुनील नरवरिया और उसकी मां रामीबाई के खिलाफ मारपीट करने, धमकाने और तोड़फोड़ करने मामले में केस दर्ज किया है। श्याम ने बताया कि वह आरके प्राइवेट फायनेंस कंपनी में काम करता है। वहां से सुनील ने 38 हजार का लोन फरवरी 2023 में डेली किश्त पर लिया था। फरवरी माह से ही सुनील किश्तें नहीं चुका रहा है। इस दौरान कार से कंपनी के अन्य कर्मचारी के साथ श्याम यहां पहुंचा तो सुनील ने विवाद किया। तभी मां भी बाहर आ गई और श्याम के साथ मारपीट कर कार के कांच पर पत्थर फेंके।

sponcership

Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।